वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 3053 / गोप0 / 22 | दिनांक 06.09.2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–222003।

विषय :– मिडटर्म / प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा से सम्बन्धित अंक के कारण परीक्षा परिणाम पूर्ण / घोषित न होने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत संचालित विषयों / वार्षिक परीक्षा से सम्बन्धित मिडटर्म / प्रायोगिक एवं मौखिकी अंक के जो परीक्षा परिणाम अपूर्ण / अघोषित है उसके सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही समयान्तर्गत की जानी है :–

1. इसके पूर्व विश्वविद्यालय के पत्रांक: 2916 / गोप0 / 22, दिनांक: 02.08.2022, पत्रांक: 2937 / गोप0 / 22, दिनांक: 05.08.2022, पत्रांक: 2938 / गोप0 / 22, दिनांक: 05.08.2022 एवं विज्ञप्ति 2948 / गोप0 / 22, दिनांक: 10.08.2022 के द्वारा भी सूचित किया गया है। परन्तु अभी भी बहुत से छात्र / छात्राओं का मिडटर्म / प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा के अंक प्राप्त नहीं कराये गये हैं।
2. विश्वविद्यालय द्वारा 2021–22 के परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित सारणीयन पंजिकाये महाविद्यालय के Login पर अपलोड कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि उसका अवलोकन कर महाविद्यालय के अभिलेखों से मिलान कर जिन छात्रों का परीक्षा परिणाम मिडटर्म / प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा के अंक के कारण अपूर्ण / अघोषित है उसके अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रमाणित अभिलेख प्रत्येक दशा में दिनांक: 10.09.2022 तक गोपनीय विभाग में प्राप्त कराने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है अन्यथा कि स्थिति में इस प्रकार के प्रकरणों को परीक्षा समिति में विचारार्थ प्रस्तुत कर तदनुसार कार्यवाही करते हुए परीक्षा परिणाम पूर्ण / घोषित कर दिया जायेगा।
3. आप द्वारा प्राप्त कराये गये मिडटर्म / प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा से सम्बन्धित जो अंकपर्ण विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये है उसमें बहुत सारे अनुक्रमांकों का उल्लेख नहीं किया गया है कि छात्र परीक्षा में उपस्थित है या अनुपस्थित है। ऐसी भ्रामक स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित करने में व्यवहारिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है।
4. अनेक महाविद्यालयों द्वारा प्राप्त कराये गये अंकपर्ण (Award List) त्रुटिपूर्ण हैं। उसमें पूर्णांक प्रायोगिक परीक्षा का मिडटर्म है या सैद्धान्तिक परीक्षा का मिडटर्म है, का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है उससे भी कठिनाई हो रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालय Login पर अपलोड परीक्षा के अभिलेखों से मिलान करते हुए अपूर्ण परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में प्रमाणित अभिलेखों के साथ अपना प्रत्यावेदन गोपनीय विभाग में दिनांक: 10.09.2022 तक प्रत्येक दशा में प्राप्त कराना सुनिश्चित करे ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गये निर्णय से किसी छात्र का ग्रेडिंग प्वाइंट प्रभावित होता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव